## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की भावांतर योजना की समीक्षा

**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जनप्रतिनिधि और कलेक्टर्स की बैठक ली। बैठक में उन्होंने भावांतर योजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। भावांतर योजना के अंतर्गत ई-उपार्जन के लिए पंजीयन 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जायेगा। 1 नवंबर से 15 जनवरी तक उपार्जन किया जायेगा। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया कि उपार्जन कार्य शुरू होने पर अधिकारियों के बीच कार्य विभाजन करें। शतप्रतिशत किसानों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। किसानों को सोयाबीन का उचित दाम मिले इसकी मॉनिटरिंग जिला प्रशासन द्वारा की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोयाबीन के पुराने स्टॉक का भी निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 2028 तक धान और गेहूं में धीरे-धीरे बोनस की राशि बढ़ाई जा रही है। उन्होंने सेवा पखवाड़ा, जीएसटी बचत, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी मध्यप्रदेश अभियान के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मंडला एनआईसी कक्ष से नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, श्री जयदत्त झा सहित संबंधित उपस्थित थे।

### निवास में 29 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन

**मण्डला।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निवास में 29 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जायेगा। ब्लॉक मेडीकल ऑफीसर ने लोगों से रक्तदान शिविर में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की है।

## व्यवस्थाओं और दान के पैसे को लेकर महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

# मंदिर के वर्चस्व का मामला गर्माया

*** स्थानीय दो व्यक्तियों पर लगे गंभीर आरोप।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




ग्राम हिरदेनगर से टिकरवारा जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे प्राचीन देवी माता का मंदिर है जो क्षेत्र में तथा अन्य दूर दूर तक माता छपरा वाली देवी के नाम से प्रसिद्ध है तथा यहाँ विगत अनैकों वर्षों से महिला स्वसहायता समूह की हम महिलाओं एवं ग्राम निवासियों के द्वारा अथक मेहनत एवं परिश्रम कर मंदिर की साफ सफाई की जाती रही तथा बीच बीच में धार्मिक कार्यक्रम कर चंदा एवं अन्य माध्यम से एकत्रित धनराशि से मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया है, तथा क्षेत्र के कमजोर वर्ग के विकास के लिए किया जाता रहा है।

उक्त देवी मंदिर की 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है जिसमें क्षेत्रीय जनता के साथ साथ बाहर से भी आर्थिक आस्था से प्रेरित लोग मंदिर में पूजा अर्चना हेतु आते रहते हैं, विगत लंबे समय से हम लोगों द्वारा मंदिर की व्यवस्था आपसी सामंजस्य एवं सहमति अनुसार करते आ रहे हैं, जिसमे किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है तथा अभिषेक चौरसिया पिता आशुतोष चौरसिया एवं नीलेश उर्फ नीलू रजक का मंदिर में आना जाना नहीं था ना ही उसके द्वारा मंदिर के प्रबंध में कोई आर्थिक, मानसिक या शारीरिक सहयोग किया जाता था। यानि उनका किसी प्रकार की कोई दखंलदाजी नहीं थी।



वर्तमान में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड एवं मंदिर के दान, चढावे को देखते हुए उक्त अभिषेक चौरसिया एवं नीलेश रजक द्वारा जबरन मंदिर में अपना एकछत्र राज्य बनाना चाहते हैं, उनके द्वारा कहा जाता है कि मंदिर हमारी संपत्ति है इसमें हमारी अनुमति, सहमति के बिना कोई भी व्यक्ति नहीं आयेगा, तथा मंदिर का पूरा चढावा मेरा है, मैं चलावे की राशि का जैसा चाहू वैसा उपयोग करूंगा, इसमें कोई कुछ बोल सकता, तथा पिछले करीब 2 वर्षों का मंदिर के दानपेटी की राशि, सोना, चांदी का चढावा एवं अन्य राशि व सामान स्वयं रख रहा है जबकि मंदिर की दानपेटी सावन माह 2024 के करीब हमारे सामने खोली गई थी, जिसमें नगद लगभग 5,00,000/- पांच लाख रूपये निकले थे, और उसके पहले जब दानपेटी खोले थे तब करीब 4,00,000/- चार लाख रूपये निकले थे उक्त सभी राशि अभिषेक चौरसिया के पास रखी है, और पहले उसके द्वारा कहा जाता था कि मंदिर का गुबंद एवं अन्य निर्माण कार्य करवा दूंगा किंतु उसने मंदिर में कोई निर्माण नहीं कराया और हमारे द्वारा बार बार बोलने पर उसके द्वारा अब कहने लगा कि मैं किसी को पैसे का कोई हिसाब नहीं दूंगा, मेरी जो मर्जी होगी में वैसा उपयोग करूंगा, मंदिर मेरा है, और मैं मंदिर का मालिक हूँ। तथा मंदिर में ताला लगा रखा है तथा गुरूवार को मंदिर में होने वाली महा आरती के समय भी ताला नहीं खोला जाता है।

मंदिर जिस स्थान पर बना है उस जमीन की गालिक ने मंदिर के नाम मौखिक रूप से जमीन दे दी थी, किंतू उनके द्वारा जबरन अपना अधिकार जताया जा रहा है, अभिषेक चौरसिया एवं नीलेश रजक द्वारा मंदिर में असमाजिक तत्वों को वैठाल कर रखता है, पूजा करने आने वालों से मनमानी राशि लेते है, हम महिलाओं द्वारा विरोध करने पर हमारे साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया है जिससे क्षेत्रीय जनता में असंतोष व्याप्त है।

छपरा वाली माता देवी मंदिर का समिति के माध्यम से व्यवस्था करने आय-व्यय का लेखा जोखा रखना आवश्यक है जिससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ क्षेत्रीय जनता भी बिना किसी विवाद के मंदिर में पूजा अर्जन कर सके। महिलाओं द्वारा आवेदन पर उचित कार्यवाही किए जाने मांग की है।

## महाशक्ति गरबा ग्रुप 'सखी सहेली' का अनोखा आयोजन



*** भक्ति संस्कृति और सनातन का संगम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नवरात्रि के पावन पर्व पर महाशक्ति गरबा ग्रुप "सखी सहेली" द्वारा भव्य और सांस्कृतिक गरबा का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल नृत्य और उत्सव का माध्यम नहीं था, बल्कि माता रानी की आराधना और भारतीय संस्कृति को संरक्षित रखने का सशक्त संदेश भी था। कार्यक्रम का संचालन ग्रुप की सक्रिय सदस्य शिखा राय ने किया। उन्होंने बताया कि ग्रुप में लगभग 30 सदस्य लगातार सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और सभी सखियां हर वर्ष माता रानी की भक्ति में गरबा करती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद बाहर जाकर दिखावा करना नहीं, बल्कि अपनी मर्यादा और परंपराओं के साथ मिलकर गरबा करना है। इसी से हमें संतोष और आनंद मिलता है। ग्रुप सदस्य दीपा खंडेलवाल ने कहा कि हर कोई गरबा को मर्यादा और भक्ति के साथ करे। हमारी यही प्रार्थना है कि माता रानी सब पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमारे इस छोटे से प्रयास से समाज में सकारात्मकता फैले। वहीं सदस्य विभूति खरिया ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल कई आयोजनों में पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव साफ दिखाई देता है, जो हमारी परंपराओं को कमजोर करता है। हम चाहते हैं कि हमारे त्योहार अपने मूल स्वरूप और धार्मिक महत्व के साथ ही मनाए जाएं। यही हमारी पहचान और शक्ति है। सदस्य अवनि अग्रवाल ने कहा कि सखी सहेली ग्रुप केवल नवरात्रि ही नहीं, बल्कि हर त्यौहार को थीम आधारित तरीके से मनाता है। हमारा उद्देश्य यह है कि समाज में त्योहार केवल मनोरंजन का साधन न बनें, बल्कि उनके पीछे की संस्कृति, परंपरा और भक्ति भी लोगों तक पहुंचे। इसी से आने वाली पीढ़ियों में भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व और जुड़ाव बना रहेगा। सखियों ने यह भी साझा किया कि "सखी सहेली" का सबसे बड़ा लक्ष्य "अनेकता में एकता" की भावना को जीवित रखना है। हर धर्म और हर त्यौहार का सम्मान करना ही सच्ची भारतीय संस्कृति है। आयोजन के दौरान माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उल्लास से भरा रहा। डांडिया और गरबे की धुनों पर सभी सखियां पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर माता रानी की आराधना में झूम उठीं। पूरे आयोजन में भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस गरबा आयोजन में ग्रुप की सक्रिय सदस्य रहीं – दिशा दुबे, बिंदिया खरिया, अवनि अग्रवाल, रुचि सोनी, सोनल सिहारे, कंचन तिवारी, सुनीता बानी, हीर पमनानी, खुशबू साहू, ज्योति पमनानी, मीनू जसवानी, रचना गुप्ता, ऐश्वर्या गुप्ता, एकता अग्रवाल, प्रिया तपा, प्रीति शिवहरे, रुचि खरबंदा, नेहा मोदी, हर्षा झा, अन्नू रावत, नव्या मालवानी, दीपा खंडेलवाल, अंकिता शुक्ला, शिखा राय, ईला तिवारी, अदिति खरिया, नयन जैन और सुषमा राय। सखी सहेली ग्रुप की इस अनोखी पहल ने नवरात्रि उत्सव को और भी खास बना दिया।

## बीजेपी युवा नेता पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपीगणों को 10 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

मीडिया प्रभारी अभियोजन जिला मण्डला द्वारा जानकारी दी गई कि अपर सत्र न्यायालय निवास ने दिनांक 26.09.2025 को बीजाडांडी के युवा बीजेपी नेता विकास यादव पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को उसके साथियों सहित कठोर कारावास की सजा सुनाई है। थाना बीजाडांडी के अप०क्र० 254 / 2022 पर संस्थित सत्र प्रकरण क्रमांक 01/2023 के आरोपी जावेद उर्फ बकरीदी, शबाना आजमी, याशमीन, आरिफ, निवासी खूंटापड़ाव थाना बीजाडांडी, आशरफ उर्फ कंजा, निवासी जबलपुर द्वारा विकास यादव की हत्या के इरादे से उस पर हमला कर गला काटने, एवं मारपीट करने के मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह निर्णय दिनांक 26.09.25 को दिया। मामला इस प्रकार है, कि दिनांक 15.09.2022 एवं 16.09.22 की दरम्यानी रात को विकास यादव अपनी खूंटा पड़ाव स्थित दुकान के पीछे वाले कमरे में सो रहा था। रात करीब 12.10 बजे उसके घर की सीमेंट शीट की छत तोड़कर बकरीदी उर्फ जावेद एवं उसके साथ उसके तीनों लड़के अंदर घुसे और विकास पर हमला किया। जिसमें विकास की गर्दन पर घातक चोट आई, विकास वहां से जैसे-तैसे बचकर भागा तो रास्ते में बकरीदी की पत्नि शबाना, लड़की यासमीन एवं दो अन्य लड़कों अशरफ उर्फ कंजा ने लात-घूंसों एवं चाकुओं से मारपीट की। जिसकी रिपोर्ट थाना बीजाडांडी में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना पूर्ण करके मान्नीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय में आई साक्ष्य एवं अभियोजन की ओर से प्रस्तुत तर्को पर विचार करते हुए मान्नीय अपर सत्र न्यायाधीश ने प्रकरण के सभी आरोपियों जावेद उर्फ बकरीदी, आरिफ खान, आसिफ खान उर्फ आसु, असरफ उर्फ कंजा अंसारी, शबाना आजमी, एवं याशमीन को धारा 307 भादंवि में 10 वर्ष, धारा 148 भादंवि में 1-वर्ष, धारा 450 एवं धारा 458 भादंवि में 5-5 वर्ष, धारा 25 (1-बी) आयुध अधिनियम में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 43000.00 रू0 के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस अधीक्षक मण्डला द्वारा मामले को चिन्हित एवं सनसनीखेज प्रकरणों की श्रेणी में रखा गया था। मामले में शासन की ओर से अभियोजन संचालन, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी निवास, श्रीमती उज्ज्वला उईके द्वारा किया गया।

## देवी का केवल नाम ले लेने पापों से मिल जाती मुक्ति-पं. संतोष शास्त्री

हरिभूमि न्यूज:मण्डला

बम्हनीबंजर अंतर्गत ग्राम ढेंकों में नवरात्र पर्व अंतर्गत देवी महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। यहां पांचवे दिवस की कथा में कथावाचक पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार, कलियुग में देवी का केवल नाम ले लेने मात्र से ही पापों से मुक्ति मिल जाती है। किसी भी शुभ काम के मौके पर यज्ञ किया जाता है।

यज्ञ करने से घर का वातावरण शुद्ध होता है, कहा जाता है, यज्ञ करने पर यज्ञ में दी गई आहुति का एक भाग सीधे देवी-देवताओं को प्राप्त होता है। उससे घर में देवी-देवताओं की कृपा सदा बनी रहती है, साथ ही वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा भी बढ़ती है। ध्यान लगाने से मन को शांति मिलती है। शांत मन से किसी भी समस्या का हल निकाला जा सकता है। साथ ही ध्यान लगाने से कई मानसिक और शारीरिक रोगों का भी नाश होता है। शास्त्री जी ने बताया कि मनुष्य के जीवन में कई इच्छाएं होती हैं। हर इच्छा को पूरा कर पाना संभव नहीं होता। ऐसे में मनुष्य को अपने मन में संतोष (संतुष्टि) रखना बहुत जरूरी होता है। असंतोष की वजह से मन में जलन, लालच जैसी भावनाएं जन्म लेने लगती हैं। जिनकी वजह से मनुष्य गलत काम तक करने को तैयार हो जाता है। बताया गया कि 22 सितंबर से देवी महापुराण का आयोजन शुरू किया गया है, 1 अक्टूबर को पूजन, हवन भण्डारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

**कार्यक्रम** | **सरदार पटेल कॉलेज ऑफ फार्मेसी और म.प्र. फार्मासिस्ट एसोसिएशन मण्डला इकाई द्वारा मनाया गया फार्मासिस्ट डे एवं किया रक्तदान।**

# फार्मासिस्ट हमारे स्वास्थ्य प्रणाली का है एक महत्वपूर्ण हिस्सा






*** फार्मासिस्ट का हमारे जीवन में अत्यंत है महत्व।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सरदार पटेल कॉलेज ऑफ फार्मेसी खैरी, मण्डला एवं म.प्र. फार्मासिस्ट एसोसिएशन मण्डला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में फार्मासिस्ट डे एवं रक्तदान का कार्यक्रम सरदार पटेल केम्पस खैरी, मण्डला में प्रफुल्ल मिश्रा अध्यक्ष भाजपा मण्डला के मुख्य आतिथ्य एवं गौरव चौरसिया अध्यक्ष म.प्र. फार्मासिस्ट एसोसिएशन मण्डला इकाई, अभिषेक झारिया संभागीय संगठन मंत्री फार्मासिस्ट एसोसिएशन, निवृति जैन प्रभारी फार्मेसी विभाग के विशिष्ट आतिथ्य एवं डॉ. आशीष ज्योतिषी प्रशासनिक अधिकारी सरदार पटेल गुरप ऑफ इंस्टीट्यूशन मण्डला की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के तेलचित्र एवं फादर ऑफ इंडियन फार्मेसी एसोसिएशन प्रोफेसर एम.एल. स्क्रॉफ के तेलचित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल, सरस्वती वंदना एवं नताशा एवं प्रिंसी के वेलकम डांस के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सनातन परम्परा के अनुसार अतिथि देवो भवः परम्परा का निर्वाहन करते हुये अतिथियों का सम्मान फूलमाला एवं मोमेन्टों के साथ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि फार्मासिस्ट का हमारे जीवन में अत्यंत महत्व है ये ही वो कड़ी है जो हमें बताती है कि बीमारियों के समय हमें कौन सी दवाई किस समय और किस प्रकार खानी है अपना ध्यान किस प्रकार से रखना बताती है। आज का दिन फार्मासिस्टों के प्रयासों की सराहना करने एवं उनके प्रति आभार प्रगट करने का अवसर प्रदान करता है फार्मासिस्ट के हित में जो भी कदम हमें आगे उठाने हैं उन्हें हम शासन तक पहुंचायेंगे एवं फार्मासिस्ट को मुख्य धारा में लाने का प्रयास करेंगे। गौरव चौरसिया ने सम्बोधित करते हुये कहा कि हमारा एसोसिएशन फार्मासिस्ट के हित में काम कर रहा है और आगे भी सभी के सहयोग एवं समर्थन से कार्य करते रहेंगे। अभिषेक झारिया ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये छात्र-छात्राओं को बताया कि फार्मेसी में किस प्रकार अपना कैरियर बनाया जा सकता फार्मेसी में रोजगार के बहुत अवसर है यदि लगन से कार्य किया जाये तो निश्चित तौर पर सफलता प्राप्त होगी। अध्यक्ष की उद्बोधन में डॉ. आशीष ज्योतिषी ने बताया कि फार्मासिस्ट हमारे स्वास्थ्य प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है वे न केवल दवाईयों की आपूर्ति करते है बल्कि रोगिया को स्वास्थ्य सलाह प्रदान करते है और उनकी देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। फार्मासिस्ट के प्रयास से रोगियों को बेहतर सेवाओं के साथ-साथ जीवन सुधार का मौका मिलता है। आज के दिन हमें उनका आभार प्रगट करना चाहिये। देखा यह जा रहा है कि फार्मासिस्ट आज केवल मेडिकल दुकान तक सीमित रह गया है आवश्यकता है इन्हें मुख्य धारा में लाने की। सरदार पटेल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया रंगोली प्रतियोगिता में खुशी ठाकुर, रिशिता पटेल ने प्रथम स्थान, तनुजा मरावी, श्रष्टि उइके ने द्वितीय स्थान एवं नीलम मरावी, सुहाना भांवरे तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रशांत जंघेला ने प्रथम, अंशुल परेरा, शुभांशु साहू ने द्वितीय एवं तनुजा मरावी, श्रष्टि उइके ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फार्मासिस्ट डे के अवसर पर बी. फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा अंधविश्वास एवं एक फार्मासिस्ट का क्या कर्तव्य है को लेकर दो ड्रामा प्रस्तुत किये गये। फार्मेसी के छात्र-छात्राओं मयंक विश्वकर्मा, नयनसमीर चंद्रौल, सूर्यांश पटेल, यश चंद्रौल शिव बघेल आशिक मरावी द्वारा पीड़ति मानवता की सेवा हेतु रक्तदान किया गया। फार्मासिस्ट एसोशिएशन द्वारा वरिष्ठ फार्मासिस्ट रमेश कुमार जैन, भागवत प्रसाद झारिया, श्याम अग्रवाल, गजेन्द्र जायसवाल, विपिन दाहिया को उत्कृष्ट कार्यो हेतु सम्मान किया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट एसोसिएशन के समस्त सदस्य, महाविद्यलय स्टाफ एवं फार्मेसी के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। मंच संचालन आशी पाठक के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन फार्मेसी विभाग की प्रभारी निवृति जैन के द्वारा किया गया।

## चिरौंजा धुर्वे ने बढ़ाया गौरव, अब राज्य स्तर खेल में चयन



**भुआबिछिया।** कक्षा 9 वी की छात्रा कुमारी चिरौंजा धुर्वे पिता प्रहलाद धुर्वे ने 3000 मीटर पैदल चाल में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय खेल के लिए चयनित हुई है छात्रा ने पहले ब्लाक स्तर फिर सिवनी से जिला स्तर में खेल कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुई है इसके बाद इनका चयन में अगला मुकाबला अली राजपुर में होगा ग्राम ओर शिक्षा जगत से जुड़ी इस छात्र ने ब्लॉक सहित जिले का गौरव बढ़ाया है सभी ने छात्रा को बहुत बहुत बधाई और शुभकामना दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## अंजनिया महाविद्यालय में मै हूं अभिमन्यु अभियान कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




समाज में जागरूकता लाने पुलिस विभाग द्वारा मैं अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत अंजनिया पुलिस थाना द्वारा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहना, नशा मुक्त समाज बनाना समाजजन की सक्रिय भागीदारी, महिला सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, लैंगिक समानता। किसी भी प्रकार की हिंसा इत्यादि को रोकने छात्राओं को रात्रि में आवागमन न करने आवागमन करने में किसी प्रकार से कोई समस्या आने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने या टोल फ्री नंबर पर सूचना देने विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। विद्यार्थीयो से अपील की गई कि किसी भी प्रकार के अपराध में शामिल न हो जिससे कि आपका भविष्य प्रभावित हो। मैं हूं अभिमन्यु अभियान कार्यक्रम में श्रीमान राजेश सराठे ए एस आई अंजनिया थाना द्वारा उक्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर चौकी से पुलिस बल उपस्थित रहे जिन्होंने विद्यार्थियों को सही दिशा में चलने समाज में भय मुक्त वातावरण बनाने में पुलिस का सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नवीन कुमार हरदाह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर सुरेंद्र लिल्हारे द्वारा कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम में स्वयं सेवी विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी


समीपस्थ ग्राम महगंवा कला में स्थापित प्रतिमा


नर्मदे हर मंडल द्वारा स्थापित प्रतिमा


माँ काली की प्रतिमा।


आदि शक्ति दुर्गा समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा।


केशवानंद समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा


सेठानी नगर परिषद के सामने स्थापित प्रतिमा ।

## खबर संक्षेप

### भारी भरकम वाहनों की मनमानी से आमजन की जान को बना हुआ है खतरा

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जहां तहां सड़को का निर्माण कराते हुए पैसा को पानी की तरह वहां रही है? मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शासन की करोड़ो रूपया की राशि से बनी हुई इन सड़को पर जिस प्रकार से भारी भरकम वाहनों की धमाचौकड़ी होने से वह सड़के चंद दिनों में भी उखड़ कर समाप्त होती चली जा रही है? वही दूसरी ओर क्षेत्र में भारी भरकम वाहनों की आवाजाही के चलते लोगों की जान को खतरा भी बना हुआ है? इस बात की सच्चाई इस समय सांईखेड़ा क्षेत्र में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि जिस माप दंड के तहत यहां की सड़को का निर्माण किया गया है, उस मापदंड से कही अधिक क्षमता के वाहनों के निकलने के कारण क्षेत्र की सड़के चंद दिनों में ही टूटने लगी है क्योंकि विगत दिवस देखा गया कि गाडरवारा सांईखेड़ा मार्ग से इस प्रकार के वाहन गुजर रहे है जिनको क्षेत्र के लोगों ने शायद ही कभी देखा हो, विगत दिवस क्षेत्र की सड़क से लगभग 60 से 80 चाक वाला एक वाहन जब गुजरा तो उस वाहन को देखने वालों का हूजूम लग गया,

### खुश नुमा मौसम में लोग ले रहे हुक्का पीने का आनंद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि जहां नगर के बाजार व शहर की सड़कों के किनारे लगी पान दुकानों पर गुटखों की झालरे लटकना तथा सिगरेट के पैकेटों की सजावट अब बड़ी बात नही रह गई है। क्योंकि नगर की पान दुकानों पर अनेक प्रकार के गुटखों सहित जिस प्रकार की सामग्री विक्रय हो रही है उसके चलते जहां युवाओं का पान दुकानों की ओर अपने आप ही रूख किये जाने लगा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बदलते दौर में अब पान की दुकानों से इत्र, सेंट की बिक्री होने के साथ ही वर्षो से बुजुर्गो व रईसों की बैठको में रखे जाने वाले नई डिजाईन के हुक्के भी बिकने लगे है, जिन्हें पीने के लिए 100 रूपया की महीन तम्बाखू की पट्टी का उपयोग किया जा रहा है, जिसको लेकर नगर की अनेक पान दुकानों के संचालको ने जानकारी देते हुए बताया है कि महा नगरों से बुलाये गये इन कांच के आकर्षक हुक्कों की बारिश के दिनों में जोरदार बिक्री हो रही है और बारिश के खुशनुमा मौसम में नगर के स्टाईलिश माने जाने वाले युवा भी अब हुक्का पीने का आनंद लेने लगे है, यह बात अलग है कि पहले इन हुक्कों का उपयोग बड़े बड़े राईश लोगों द्वारा किया जाता था मगर अब इनका चलन युवा पीढ़ी में देखने मिल रहा है जिसके चलते नगर में हुक्कों की दुकाने भी सजते हुए दिखाई देने लगी है।

### नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय न होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**हरिभूमि न्यूज/नांदनेर।** जहां एक ओर सरकार द्वारा गांव गांव अपनी जनराशि करते हुए विकास कार्य कराये जा रहे है, मगर कहा जाता है कि वह विकाय का कार्य सही कहलाता है जिसकी लोगों को उपयोगता होती है और यदि वही विकास कार्य नही होता है तो संपूर्ण विकास कार्यो पर प्रश्न चिन्हें लग जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम पंचायत नांदनेर में देखने मिल रही है।

# आज पंचमी से देवी दर्शन करने सड़कों पर उमड़ेगा जन सैलाब, जहां तहां कन्या भोज सहित होंगे विशेष पूजन अर्चन के कार्यक्रम तो जबारों में लगाये जावेगे चंदेवा









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

शारदेय नवरात्र पर्व के चलते इन दिनों शहर सहित क्षेत्र के गांवों में श्रद्धा, उत्साह का निराला वातावरण नजर आ रहा है और हिन्दू धर्मावलंबियों में माँ जगदम्बा की भक्ति में लीन होने की तमन्ना उछाल लेती हुई जान पड़ रही है उसका अनोखा नजारा दिखाई पड़ रहा है। वही शहर के देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में रखे हुए जबारे, प्रज्जवलित, ज्योति कलश, मातारानी की पूजन व महाआरती, वंदना से भक्त जहां मोहित हो रहे है। वही दूसरी ओर रोशनी में नहाये हुये देवी मंदिर लोगों को माँ दुर्गा के दर्शन, पूजन की प्रेरणा देते हुये आकर्षित करने से नही चूक रहे है। नवरात्र की धूम के चलते जहां सुबह के समय भक्त देवी मंदिरों में पहुंचकर मातारानी को जल ढारने के बाद अपने घरों में आस्था पूर्वक माँ जगदम्बा की पूजन, आरती कर दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा का पाठ कर अपने जीवन को धन्य बना रहे है। वही रात में शहर अनेक प्रमुख स्थलों के आलवा कालोनियों सहित जगह जगह विराजी माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन करने माताओं, बहिनों व बच्चों तथा युवाओं को सड़को पर निकलना शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि देवी मंदिरों व देवी दरबारों में शारदेय नवरात्र पर्व पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रमो के आयोजन की शुरूआत हो गई है तथा श्रद्धालुओं ने देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर उन्हें कन्या भोज कराने की भी तैयारियाँ शुरू कर दी है। नगर में देखने मिल रहा है कि सजाई जा रही माँ भवानी की आकर्षक झांकियाँ श्रद्धालुओं का मन मोह रही है साथ ही आमजनों को मातारानी का आशीष जमकर मिलने से वे माँ दुर्गा के जयकार से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान होते हुए देखा जा रहा है और लोगों द्वारा सुख समृद्धि के लिये मातारानी से प्रार्थना की जा रही है। इसी के चलते जहां तहां स्थापित की गई देवी प्रतिमाएं अलग अलग रूप में दिखाई पड़ रही है। ज्ञात हो कि कल शुक्रवार को नवरात्र के चौथ बेला पर भी लोगों ने जहां देवी स्थलों पर पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया। क्योंकि नवरात्र के नौ दिन सभी महत्वपूर्ण माने जाते है। मगर सभी दिनों का अलग अलग महत्व होता है। इसी के चलते चौथ दिवस पर माता कूष्मांडा का पूजन किया जाता है। नवरात्रि के चौथे दिन माँ दूर्गा के चतुर्थ स्वरूप कुष्मांडा माता की पूजा का विधान बताया गया है। इनकी मंद हंसी से ब्रम्हांड का निर्माण होने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। वही धार्मिक ग्रंथो के अनुसार जब चारों ओर अंधकार ही अंधकार था तब माँ की ऊर्जा से ही सृष्टि का सृजन हुआ था। माँ कुष्मांडा की आठ भुजाये हे वे इनमें धनुष, वाण, कमल व अमृत, चक्र, गदा तथा कमण्डल धारण करती है तथा माँ के आठवे हाथ में माला सुशोभित रहती है ये अपने भक्तों को भवसागर से पार उतारती है। इसी के चलते कल चौथ तिथि पर लोगो ने माता जगत जननी की अपने अपने स्थर से पूजन करते हुये आर्शीवाद मांगा। गौरतलब है कि आज शनिवार को शारदेय नवरात्र पर्व की पंचमी है जिसमें विशेष सर्वार्थ सिद्वि योग पड़ने से माँ जगदम्बा के दर्शन, पूजन से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होगी तथा पंडितों के अनुसार मातारानी के आशीष से घरों में शुरू शांति वैभव व्याप्त होने की शुरूआत हो जाएगी । क्योंकि आज पंचमी से नगर की सड़को पर देवी दर्शन करने वालों की भारी मात्रा में जन समूह उमड़ेगा और वह दुर्गा नवमी तक जारी रहेगा जिसके चलते पुलिस प्रशासन से नगरवासियों द्वारा अपेक्षा जताई गई है कि नगर की सड़को पर रात 8 बजे से विशेष निगरानी की जावे तथा सभी प्रकार के वाहनों प्रतिबंध लगाने के साथ साथ पुग्गी गैंग पर विशेष शिकंजा कसा जावे जिससे देवी दर्शन करने वालो लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर न होना पड़े। अब देखना है कि पुलिस आमजन की सुरक्षा को लेकर व्यवस्था बनाने में कहा तक सफल होती है इस बात की सच्चाई तो आज ही देखने मिलेगी..?



## गौवंश की सुरक्षा को लेकर परशुराम सेना ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौपा ज्ञापन, गाय सब धर्मों व अनुष्ठानो का मूल है - बसेड़िया

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह भारी वाहनों के बेलगाम गति से दौड़ने के चलते आये दिन गौवंश को बेमौत मरते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है। इस समय चल रहे नवरात्र के दौरान जहां लोग मातरानी की आराधना में लीन होने के साथ प्रतिदिन गौमाता की सुरक्षा को लेकर नारे लगाते हुये जरूर देखे जा रहे है। मगर गौरक्षा के लिये शायद ही किसी के आगे कदम बढ़ते हुये दिखाई दे रहे हो..? इसी का परिणाम है कि आज गौमाता सड़को पर बैमौत करते हुये देखी जा रही है। सर्व सनातन गौ भक्तों एवं परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष पं मुकेश बसेड़िया ने नगर के सर्व सनातनी भक्तों, वरिष्ठ जनो व कर्मकांड विद्वानों के साथ विगत दिवस चिरह कलां में गायों की पीड़ा दायक व दुखद दुर्घटना के संदर्भ में गौ संबधी विभिन्न मांगों को लेकर एस डी एम श्री मति कलावती ब्यारे को प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपते हुये गाय माता की सुरक्षा के साथ शहर व एन टी पी सी से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों, ट्रक, सहित अन्य वाहनों को न्यूनतम गति निर्धारित कर गाय माता की दुर्घटना रोकने की अपील की की गई है। वही दूसरी ओर गाय माता को रोड पर छोड़ने वाले पशु पालकों चिन्हित कर अर्थ दंड लगाने तथा संपूर्ण भारत वर्ष से गौ मांस व अन्य गौ वंशीय उत्पादों पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने के साथ गाय को राष्ट्र माता राष्ट्र माता घाषित करने की मांग की गई है। इस संबंध में बसेड़िया का कहना है कि बीते हुये कुछ दिन पहले समीपस्थ ग्राम चिरह कलां के पास एक अज्ञात ट्रक चालक ने अनेक गायो को बेहरमी से कुचलकर मार डाला और अनेक गायों को घायल कर दिया। आये दिन रोड पर गाय माता की दुर्घटना में मौतें हो रही है, सनातन धर्म मे गाय सब धर्मों का मूल है, इसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है विशेष कानून द्वारा शीघ्रता से पूरे प्रदेश की गोचर भूमि को खाली कराये जावे। सभी सनातनी भक्तों ने सरकार से गुहार लगायी की चिरह कला के गौ दुर्घटना वाले जम्मिेदार ट्रक व उसके चालक का पता कर उसके ट्रक लाइसेंस को आजीवन प्रतिबंधित कर कड़ी सजा दिलायें। ज्ञापन सौंपने के दौरान परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष मुकेश बसेड़िया के साथ सनातनी वरिष्ठ जनो में प्रमुख रूप से

## नवरात्र के दौरान सांईखेड़ा पुलिस को मिली दूसरी सफलता, दो युवको के पास से मादक पदार्थ सहित मोटर साईकिल की गई जप्त







**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

कहा जाता है कि जब किसी विभाग में निष्ठा के साथ कार्य करने वाली कर्मचारियों को सौपे जाने वाले दायित्व को पूर्ण करने का जुनून रहता है तो सफलता मिलना आम बात होती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देषन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये चलाये जा रहे "OPERATION EAGLE CLAW" के चलते सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा अपनी टीम के प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल व आरक्षक दिनेश पटैल के साथ मिलकर मादक पदार्थो पर अंकुश लगाने के लिये की जा रही कार्यवाही के चलते नवरात्र के दौरान लगातार दूसरी सफलता है। ज्ञात हो कि दो दिन पहले भी पुलिस द्वारा एक आरोपी के पास से भारी मात्रा में स्मैक पावडर जप्त करने में सफलता हासिल की गई थी। क्योंकि किसी भी अधिकारी को अपने दायित्वों का निर्वाहन करने में सफलता उसकी टीम के सदस्यो की लग्न के आधार पर ही मिलती है। यदि सांईखेड़ा थाने में बीते हुये वर्षो के रिकार्ड पर नजर डाली जावे तो इस तरह मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्यवाही करने में नाकामी का परिणाम है कि इस अवैध कारोबार को दिन दुगनी रात चौगनी तरक्की होते हुये देखी जाने लगी थी। मगर पाठक की टीम में जब से भास्कर पटैल व दिनेश को शामिल किया गया तब से इस जुगल जोड़ी द्वारा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में लिप्त रहने वालों की रातो की नींद गायब करते हुये कार्यवाही करते हुये उन्हें पकड़ने में लगातार सफलता देखने मिल रही है। बताया जाता हे कि बीते हुये दिवस जब यह जुगल जोड़ी क्षेत्र के भ्रमण पर थी तो ग्राम झिरिया माता यात्री प्रतिक्षालय के पास एक होरो होण्डा साईन मोटर साईकिल पर सबार दो युवक आते हुये दिखे मगर वह पुलिस को देखकर भागने के लिये प्रयास किये जाने पर जब पुलिस को इन युवको पर संदेह हुआ तो सउनि सतीश सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, प्र. आर. गजराज सिंह, आरक्षक दिनेश पटेल, सुदीप बागरी, हिमांशु वर्मा, आदर्श पाठक, उमेश वर्मा, शिवकुमार पटेल, भगवान सिंह एवं म.आर. कुमुद पाठक द्वारा नाका बंदी करते हुये इन युवकों को पकड़ते हुये पूछताछ किये जाने पर इन्होने ने अपना नाम अनुरूद्व उर्फ अनूप पिता भवानी प्रसाद चौकसे उम्र 42 साल तथा दूसरे ने अपना नाम मोहन पिता ओकार मेहरा उम्र 35 साल दोनो निवासी ग्राम बनवारी का होना बताया गया। वही जब पुलिस द्वारा इन युवकों की तालाशी ली गई तो पुलिस को इनके पास से 20.54 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक पावडर मिला जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख रूपया बताई जा रही है। इस तरह नवरात्र के दौरान सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक की टीम में शामिल भास्कर व दिनेश की जुगल जोड़ी ने लगातार दूसरी बड़ी सफलता हासिल की गई। इस तरह मादक पदार्थ के साथ पकड़े गये दोनों आरोपियों के पास से मादक पदार्थ स्मैक पावडर सहित मोटर साईकिल व दो मोबाईल फोन को जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार कर मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार वह इतनी अधिक मात्रा में यह पावडर लेकर कहा से आये हुये थें।

## अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित गरवा के आयोजन में देखने मिल रही मन मोहक झांकी





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नवरात्र के दौरान गरवा के आयोजन निश्चित ही नवरात्री की धूम को मन मोहक बनाने से नही चूकता है। इसी का परिणाम है कि जहां तहां गरवा के आयोजन होते हुये देखे जाते है। इसी के चलते नवरात्रि के पावन पर्व पर स्थानीय सुखदेव भवन में अग्रवाल समाज महिला मंडल द्वारा गरबा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ बीते हुये दिवस मुख्य अतिथि के रूप में पधारी हुई क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थालपक द्वारा किया गया। इस दौरान उनका स्वागत महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती सुप्रिया अग्रवाल द्वारा पुष्प गुच्छ ओर चुनरी उड़ा कर किया। वही विशेष अतिथि के रूप में अग्रवाल महासभा की जिला अध्यक्ष श्रीमती रंजना अग्रवाल, लायंस क्लब के अध्यक्ष श्रीमती मधुमती चौहान, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा काबरा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्रीमती पूजा तिवारी, राजपूत समाज की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता बड़कुर की मौजदूगी ने कार्यक्रम को चार चांद लगा दिये थें। इस दौरान अतिथियों द्वारा अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित किये जा रहे गरवा के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि गरबा नृत्य का उद्देश्य का देवी की पूजा करना है। इसे देवी के गर्भ में छपी ऊर्जा और शक्ति को प्रकट करने का माध्यम माना जाता है। यह एक अनुष्ठानिक और भक्ति नृत्य जो ऊर्जा और शक्ति की पूजा के लिए समर्पित है साथी डांडिया नृत्य बुराई को मिटाने के लिए अच्छाई के लिए संघर्ष का प्रतीक है। गरबा में समाज की महिलाओं और बेटियों द्वारा में सुंदर-सुंदर वस्त्र एवं श्रृंगार करके हाथों में डांडिया लेकर नृत्य कर देवी मां की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस समय दर्शक के रूप में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन एवं महिलाएं उपस्थित थी। वही कार्यक्रम के अंत में गरबा प्रशिक्षण देने वाली श्रीमती प्रीति शाह को स्मृति चिन्ह समाज के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल द्वारा दिया गया भेंट किया गया। वही कार्यक्रम को उनको सफल बनाने में महिला मंडल उपाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल , उपाध्यक्ष श्रीमती रंजीता खजांची , सचिव श्रीमती प्रियंका अग्रवाल कोषाध्यक्ष श्रीमति शिखा अग्रवाल, सहसचिव शिल्पी गुप्ता का सहयोग मिला। वही ने अथक प्रयास किया गया। कार्यक्रम का संचालन अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल द्वारा किया गया।

## सहावन में स्थापित पलक झपकाने वाली प्रतिमा क्षेत्रवासियों के लिये बनी आकर्षण का केन्द्र

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

नवरात्र के दौरान जहां लोग नो दिनों तक मातारानी की आराधना में लीन रहते हुये उनकी पूजन करने में कोई कसर नही छोड़ते हुये। मगर दूसरी ओर जिस तरह मातारानी की मन मोहन प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है वह निश्चित ही आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ ग्राम सहावन में देखने मिल रही है। ज्ञात हो कि यहां की दुर्गा समिति द्वारा बीते हुये वर्ष मुस्काने वाली प्रतिमा स्थापित की गई थी जो संपूर्ण क्षेत्र के लिये आकर्षण का केन्द्र बनकर रह गयी थी। इस प्रकार से इस वर्ष पलक झपकाते हुये प्रतिमा की स्थापना देवी भक्तां को एक बार दर्शन के लिये मजबूर करते हुये देखी जा रही है। आदि शक्ति दुर्गा समित सहावन द्वारा अपनी आंखों की पलक झपकाते हुये मातारानी जिस तरह अपने भक्तों को आर्शीवाद प्रदान करते हुये देखी जा रही है उसके चलते सालीचौका क्षेत्र के गांवों से लेकर अन्य दूसरी गांव सहित बनखेड़ी के लोग भी मातारानी की एक झलक पाने के लिये ललायित होने से नही चूक रहे है। सही का परिणाम है कि जहां प्रतिदिन देवी दर्शनों के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूक रही है। इस तरह संपूर्ण क्षेत्र के लिये आकर्षण का केन्द्र बन चुकी ग्राम सहावन में स्थापित माँ जगत जननी की प्रतिमा के दर्शनों के लिये सालीचौका के आलवा सांईखेड़ा, गाडरवारा, बनखेडी यहां तक छिंदवाडा जिले से भी भक्तों का आने की खबर मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री नेत्र शिविर कार्यक्रम में हुए शामिल

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि नर की सेवा में ही नारायण की सेवा है। नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल करना मध्यप्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है। नागरिकों को सहज, सुलभ, सस्ती, तत्परतापूर्ण और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना ही सरकार की प्राथमिकता है। दिलीप जायसवाल गुरूवार को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत पयारी नम्बर 02 में आयोजित विशाल नेत्र शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुश्री भारती केवट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अनूपपुर, जनप्रतिनिधिगण सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### स्वच्छता के लिए किया गया श्रमदान, दिलाई गई स्वच्छता शपथ

**चचाई।** जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत केल्हौरी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता श्रमदान एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता श्रमदान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के के रैकवार ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। श्रमदान कार्यक्रम में लखन लाल साकेत खण्ड पंचायत अधिकारी, निसार खान, जेपी, पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी दिव्या सिंह, जनपद सदस्य पार्वती महरा, सरपंच रामपाल सिंह, पंच अविनाश, चंद्रकांत, सुमित्रा यादव, श्यामलाल, सुनीता यादव, रामजी सोनी, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक यादव, सोमनाथ, रजनीश, विनय, नानदाऊ चौरसिया, चंदन, लखन, बालकरण चौधरी, विजय, महेश, सचिव संजय सिंह परिहार, रोजगार सहायक गोविंद यादव, मोबिलाइजर विद्यावति, शिक्षा विभाग, एनआरएलएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वच्छाग्राही एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता निभाई।

### जिले में 13.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 13.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 15 मिली मीटर, कोतमा में 5 मिली मीटर, बिजुरी में 2.8 मिली मीटर, जैतहरी में 21 मिली मीटर, वेंकटनगर में 4.3 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 22.8 मिली मीटर, अमरकंटक में 33 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 3.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

### पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी अनूपपुर और जिला चिकित्सालय द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आज शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपना रक्तदान किया। शिविर में कुल 20 यूनिट रक्त संग्रहित किए गए। शिविर के अंत में रक्त दाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. परस्ते, एमडी पैथोलॉजिस्ट इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. देवेंद्र कुमार तिवारी, अशोक शर्मा, राजा ताम्रकार आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### गांजा के खिलाफ जैतहरी पुलिस की दूसरी रेड कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** जैतहरी पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान खोली फाटक रेलवे स्टेशन के किनारे बलबहरा रोड के पास पुलिस को देखकर एक मोटरसाईकल मे सवार दो व्यक्ति जो कि जैतहरी तरफ आ रहे थे पुलिस की गाडी देखकर मोटरसाईकल घुमाकर तेजी से वापस भागने लगे, संदेह होने पर उक्त संदेहीयो को घेरा बंदी कर पकडकर नाम पूंछा गया जो अपना नाम गोविंदनारायण शुक्ला पिता शिव नारायण शुक्ला उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम गोरसी थाना जैतहरी एवं मोटर सायकल चालक अपना नाम अजय कुमार उपाध्याय की तलाशी लेने पर एक मटमेले रंग के झोला मे रखे 04 पैकेट पोलीथीन के अंदर कुल 4.102 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 32000 रू का मिला।

# मेहदवानी के मजदूर पलायन को मजबूर, सरपंचों ने किया जनपद पंचायत का घेराव





**डिण्डौरी।** आदिवासी अंचल मेहदवानी जनपद पंचायत में मनरेगा योजना की हकीकत अब खुलकर सामने आ गई है। महीनों से मजदूरों को काम नहीं मिल रहा और पहले किए गए कार्यों का भुगतान भी आज तक अटका हुआ है। मजदूरी और रोजगार के अभाव में सैकड़ों मजदूर परिवार भूख और बेबसी झेलते हुए दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं।

शुक्रवार को हालात से नाराज होकर मेहदवानी जनपद क्षेत्र की सभी पंचायतों के सरपंच सामूहिक रूप से एकजुट हुए और जनपद पंचायत का घेराव कर दिया। सरपंचों ने आरोप लगाया कि जनपद स्तर पर योजनाओं का संचालन केवल कागजों पर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, सड़क, तालाब, वृक्षारोपण और स्वच्छता जैसे कार्य अधूरे पड़े हैं। वहीं मजदूरों ने वर्ष 2022 से 2023-24 तक मनरेगा और अन्य योजनाओं में जिन कामों में पसीना बहाया, उनकी मजदूरी अब तक नहीं मिली।

स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि मजदूरी के बिना मजदूर परिवारों का पेट पालना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में महिलाएं और पढ़ने वाले छात्र तक पलायन का हिस्सा बन रहे हैं। सैकड़ों परिवार गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, दिल्ली, भोपाल और इंदौर जैसे शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं।

सामूहिक घेराव के दौरान जनपद सीईओ प्रमोद ओझा मौके पर पहुंचे और सरपंचों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने लंबित भुगतान और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए चार से पाँच दिन का समय मांगा। लेकिन सरपंचों ने साफ चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में मजदूरी और भुगतान नहीं हुआ तो वे जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन करेंगे।अब देखना यह है कि प्रशासन मजदूरों और सरपंचों की इस सामूहिक चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेता है।

# ससुर और पति के निधन के बाद बहू ने मांगी अनुकम्पा नियुक्ति

डिण्डौरी




जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझ रही जिले की एक महिला ने कलेक्टर से अनुकम्पा नियुक्ति की मांग की है। जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़झर के दल्काबंधा गांव की निवासी नीलम विश्वकर्मा ने आवेदन प्रस्तुत कर कहा है कि परिवार की जीविका और बेटे की शिक्षा जारी रखने के लिए उन्हें नौकरी की सख्त जरूरत है।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि नीलम के ससुर बसोरी लाल विश्वकर्मा पंचायत सचिव थे, जिनका 15 अक्टूबर 2023 को निधन हो गया। उनके पुत्र दुर्गेश विश्वकर्मा को अनुकम्पा नियुक्ति मिलने वाली थी, किंतु दुर्भाग्यवश उनकी भी 21 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई।

पति और ससुर दोनों के निधन के बाद नीलम पर परिवार की जिम्मेदारी पूरी तरह आ गई है। उनका कहना है कि वर्तमान में कोई आर्थिक साधन नहीं होने से बेटे दक्ष विश्वकर्मा का पालन-पोषण और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसलिए उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की है कि उन्हें ससुर की सेवा के आधार पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे मामलों में सरकार को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पात्र वारिस को रोजगार देकर परिवार की आजीविका सुनिश्चित करनी चाहिए।

## लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालक को 2 वर्ष का सश्रम कारावास




**डिण्डौरी** ।थाना डिण्डौरी के प्रकरण क्रमांक 91/17 में लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने वाले आरोपी चेतन मरावी पिता प्रकाश सिंह, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम विदयपुर थाना शहपुरा जिला डिण्डौरी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त एक माह का साधारण कारावास भुगतना होगा।

मीडिया सेल प्रभारी अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि दिनांक 12 अप्रैल 2017 को फरियादी मोटरसाइकिल से जोगीटिकरिया की ओर जा रहे थे। उसी समय विदयपुर की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही तूफान गाड़ी (क्रं. एम.पी. 52 टीए 0186) ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया तथा पीछे बैठे युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# शिवशक्ति चौक करौंदी में देवी जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न

डिण्डौरी ।



जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत शिवशक्ति चौक करौंदी में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के अंतर्गत शारदीय नवरात्र के चौथे दिन देवी जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कथा वाचन के दौरान पंडित शुकदेव द्विवेदी शास्त्री जी (धनुआसागर वाले ) ने भक्तों को देवी जन्मोत्सव प्रसंग का महत्व बताया और मां दुर्गा की महिमा का विस्तृत वर्णन किया।

कार्यक्रम में करौंदी एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर मां दुर्गा की सजीव झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। झांकी में मां भगवती की अलौकिक झलक देखकर भक्त भावविभोर हो उठे और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। महिलाओं और बच्चों ने जमकर नृत्य किया।

आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण, भजन-कीर्तन तथा सुविधाजनक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों ने माता की झांकी एवं भजन कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में भाग लेकर मां दुर्गा से परिवार एवं समाज के कल्याण की मंगलकामनाएं कीं। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण छाया रहा और नवरात्रि की पावन ऊर्जा हर ओर महसूस की गई। इस प्रकार करौंदी में चल रहा नवरात्र महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम बनकर लोगों को धर्म और संस्कृति से जोड़ रहा है।

## प्राकृतिक खेती पर कृषि सखियों के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

मृदा एवं मानव स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल



**डिण्डौरी ।** कृषि विज्ञान केन्द्र डिंडोरी के स्वामी विवेकानंद सभागार में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत कृषि सखियों के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 25 से 29 सितम्बर तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आत्मा उप परियोजना संचालक कृषि आधार सिंह उइके तथा जिला परियोजना अधिकारी जेठू सिंह पट्टा उपस्थित रहे। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पी.एल. अंबुलकर, उपसंचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया एवं परियोजना संचालक आत्मा डॉ. नेहा धूरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. गीता सिंह, अवधेश कुमार पटेल, रेनू पाठक, कुमारी श्वेता मसराम एवं डॉ. मनीषा श्याम शामिल हुए।

स्वागत उद्बोधन में डॉ. गीता सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को मिशन रूप में संचालित किया जा रहा है और इसमें कृषि सखियाँ गाँव-गाँव में प्रचार-प्रसार और जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाएँगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के आधार स्तंभ—बीजामृत, जीवामृत, वाफसा, आच्छादन, मिश्रित फसल प्रणाली, तथा फसल सुरक्षा हेतु नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्न्यास्त्र और दशपर्णी अर्क की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि आधार सिंह उइके ने कहा कि क्लस्टर स्तर पर कृषि सखियाँ प्राकृतिक खेती मिशन के क्रियान्वयन की रीढ़ साबित होंगी। वहीं, अवधेश पटेल ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों और घटकों की विस्तार से जानकारी दी। श्रीमती रेनू पाठक ने कृषि में सूचना एवं संचार तकनीक के उपयोग को रेखांकित किया, जबकि कुमारी श्वेता मसराम ने प्राकृतिक खेती की आवश्यकता और चुनौतियों पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आरती चौरसिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती रुचि टेकाम ने किया।इस अवसर पर आत्मा से संतोष उइके, अशोक कुमार कोरी, डॉ. मनीषा श्याम सहित कृषि विज्ञान केंद्र का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित 50 कृषि सखियों को व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी दी जाएगी, ताकि वे गाँवों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि एवं मृदा-मानव स्वास्थ्य की रक्षा में योगदान दे सकें।

# आवारा मवेशियों को पकड़ा गया, सुरक्षित पहुँचाई गईं गौशाला



**शहपुरा।** नगर परिषद द्वारा शुक्रवार को शहर की मुख्य सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। परिषद की टीम ने सड़क पर अव्यवस्था फैलाने और दुर्घटनाओं का कारण बनने वाले लगभग 8 मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित रूप से केहेंजरा स्थित गौशाला पहुँचाया।

नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि आए दिन पशुपालक अपनी गायों को सड़कों पर छोड़ देते हैं, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इस लापरवाही के चलते कई बार लोगों को चोटें भी आती हैं और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है।टीम ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जिन पशुपालकों की लापरवाही पाई जाएगी, उनके खिलाफ जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी की जाएगी। नगर परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुला न छोड़ें, बल्कि घर या बाड़े में सुरक्षित रखें। इससे न केवल दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी बल्कि गौवंश को भी उचित देखभाल मिल सकेगी।इस कार्रवाई के बाद शहरवासियों ने नगर परिषद की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे सड़कों पर साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था दोनों में सुधार देखने को मिलेगा।

# ग्राम गोपालपुर में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित



**डिंडौरी ।** 26 सितंबर 2025 दिन शुक्रवार को मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा डिंडोरी द्वारा ग्राम गोपालपुर में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मंडला से क्षेत्रीय प्रबंधक श्री प्रदीप अग्रवाल सर, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री देवब्रत पाल सर, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री रवि शंकर सर, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा डिंडोरी शाखा प्रबंधक श्री अविनाश अहिरवार, शाखा के अधिकारी श्री विनोद खालको, शाखा के कार्यालय परिचर श्री मंगल नामदेव, शाखा की बीसी विद्या, ग्राम सरपंच तथा समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता का संदेश देते हुए भारतीय रिजर्व बैंक एवं बैंकों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी सुरुचि पूर्ण तरीके से दी गई भारत सरकार एवं वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में अतिथियों ने बताया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन खाते ,बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# 150 छात्र अपनी जान जोखिम में डालकर सवार रहे भविष्य





**अमरपुर।** अमरपुर जनपद पंचायत क्षेत्र में शैक्षणिक व्यवस्था अस्त व्यस्त हैं। कहीं भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर तो कहीं पर शिक्षकों की कमी बनी हुई हैं। जोकि हमेशा समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी रहती हैं। ताजा मामला जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम छपरी में संचालित माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भवन जीर्ण शीर्ण हो चुके हैं। भवन के ऊपर छत में पन्नी लगाकर पानी रिसाव रोकने का प्रयास किया जा रहा हैं। परंतु पानी टपकना बंद नहीं हो पा रहा हैं। इसके साथ ही छत की प्लास्टर गिरने की डर से नीचे भी पन्नी लगाकर छात्रों को सुरक्षा करने प्रयास किया जा रहा हैं। शिक्षकों का मानना हैं कि प्लास्टर गिरेगा तो पन्नी में रुकेगा तब तक छात्र बाहर निकाल सकते हैं। इस प्रकार शाला में पदस्थ शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। वहीं छात्र अपने जान जोखिम में डालकर भविष्य संवारने पर मजबूर हो रहे हैं। जबकि एकीकृत माध्यमिक शाला में 150 से अधिक छात्र अध्यनरत हैं। इस गांव के निवासी और बच्चों का रुझान शिक्षा के प्रति हैं। परंतु शासन की इस नकारात्मक रवैया से ग्रामीण त्रस्त हैं। ग्रामीणों के साथ शिक्षकों ने बताया कि इस भवन की दुर्दशा की जानकारी उच्चाधिकारियों को भी दी जा चुकी हैं। ज्ञातव्य होवे कि माध्यमिक शाला देवरी में छत की प्लास्टर गिरने से चार छात्राएं चोटिल हुई थी। शायद शासन प्रशासन को कोई बड़े हादसे का इंतजार तो नहीं हैं।

# कलेक्टर नेहा मारव्या ने विकासखंड मेंहदवानी के शैक्षणिक संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण



डिंडौरी । कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने शुक्रवार को विकासखंड मेंहदवानी के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, और विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शासकीय सीनियर बालक छात्रावास राई, प्राथमिक शाला ददरा टोला, माध्यमिक शाला पायली, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मेहंदवानी, एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पडरिया, आंगनवाडी केंद्र पडरिया, उपस्वास्थ केंद्र सारसडोली का किया औचक निरिक्षण।कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सर्वप्रथम शासकीय सीनियर बालक छात्रावास राई का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों से भोजन, आवास, स्वच्छता और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। छात्रावास मंय उपस्थित छात्रों की संख्या, भोजन की गुणवत्ता, समय पर भोजन वितरण, बिस्तर और पढ़ाई के माहौल की भी समीक्षा की।इसके बाद कलेक्टर ने प्राथमिक शाला ददरा टोला का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, पढ़ाई-लिखाई की स्थिति, मिड डे मील की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच की। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति एवं शिक्षण-सामग्री का अवलोकन किया। कलेक्टर ने माध्यमिक शाला पायली में शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और खेलकूद की सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मेहंदवानी का भी दौरा किया। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक गुणवत्ता, खेल-कूद, हॉस्टल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और पोषण आहार की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के साथ-साथ निर्धारित वार्षिक शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली और उनको समय पर संचालित करने को कहा। बालिका छात्रावास में साफ-सफाई बेहतर न होने के कारण संबंधित सफाई एजेंसी को बदलने और प्राचार्य को छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी के साथ जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त को छात्रावास के पलंग, बिस्तर एवं अन्य सामाग्री का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए।

एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पडरिया में कक्षाओं, शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों से किताब पढवाकर, प्रश्न पूछकर बच्चों का शैक्षणिक स्तर जाना और शाला प्रभारी को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र पडरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के लिए उपलब्ध पोषण आहार, स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण की व्यवस्था की जानकारी ली। आंगनवाड़ी में साफ-सफाई और बच्चों के बैठने की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया।

अंत में कलेक्टर ने उपस्वास्थ्य केंद्र सारसडोली का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, दवाओं का स्टॉक, गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के टीकाकरण, स्वच्छता और कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार जाटव, डीपीसी रावेंद्र मिश्रा, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास, सीईओ जनपद पंचायत मेहंदवानी प्रमोद कुमार ओझा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### इनर व्हील क्लब द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस इनर व्हील क्लब द्वारा दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मंजू राव, पूर्व विधायक संजय शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए गरबा जैसे सांस्कृतिक आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करते हैं और हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं।

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया स्थल निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल का जिले में आगामी दिनों में कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के लिए ग्राम देवरी और माचामऊ का भ्रमण किया। उन्होंने यहां आवश्यक सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने प्रधानमंत्री आवास, सड़क, नल-जल योजना आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय व पुलिस के अधिकारी- कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीणजन मौजूद थे।

### दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विकासखंड के सभी शासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा पहली से आठवीं तक के दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन एवं इसके उपरांत उपकरण चिन्हांकन के लिए शुक्रवार को विकासखण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में किया गया। शिविर का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष नीरज दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्री दुबे ने चिकित्सकीय दल से कहा कि वे बच्चों की उचित जांच, परामर्श और चिकित्सा परीक्षण करें, जिससे दिव्यांग बच्चों को शासन की सुविधाओं का लाभ मिल सके। नगर पालिका अध्यक्ष श्री दुबे ने शिविर में आए बच्चों को चरण पादुका देने की घोषणा की। जिला ओलंपियक संघ अध्यक्ष अजय प्रताप पटेल ने कहा कि अभिभावकों और नागरिकों को भी दिव्यांग बच्चों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आगे आना होगा। बीआरसी ओपी राय ने शिविर में शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर ने बताया कि शिविर में 124 दिव्यांग बच्चों का पंजीयन किया गया, इनमें से 65 बच्चों को विभिन्न उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हित किया गया। इस अवसर पर एपीसीआईईडी अंजू शर्मा, जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र के राजेन्द्र सोनी, सीनियर फिजियोथेरिपिस्ट डॉ. धंजय सिंह पटेल, एलिम्को की टीम, बीएसी, एमआईएस, एमआरसी, सहित समस्त जनशिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजय चैबे एवं आभार बीएसी ब्रजेश नेमा ने व्यक्त किया।

### सांसद ने की निर्माण कार्यों व योजनाओं की समीक्षा

# खाद एवं बीज की उपलब्धता करें सुनिश्चित

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने सर्किट हाउस में निर्माण विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करें, जिससे निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो सके। आयोजित बैठक में विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना, रामसनेही पाठक सहित निर्माण विभागों के कार्यपालन यंत्री मौजूद थे।





#### जल जीवन मिशन की समीक्षा

सांसद श्री कुलस्ते ने आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर- घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। पानी टंकी निर्माण और नल कनेक्शन के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। सांसद श्री कुलस्ते ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जन-मन आवास योजना के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। प्रधानमंत्री जन-मन आवास योजना के हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। सांसद श्री कुलस्ते ने प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, आवागमन, शासन की योजनाओं का लाभ इत्यादि के प्रगति की जानकारी ली।

#### नहरों को दुरुस्त रखने के निर्देश

सांसद श्री कुलस्ते ने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई व्यवस्था और भूमि अधिग्रहण के संबंध में समीक्षा की। सिंचाई के लिए नहरों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने और अवैध शराब विक्रय करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सांसद श्री कुलस्ते ने रबी फसल के लिए किसानों को खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा, जिससे किसानों को खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। उन्होंने किसानों और उपभोक्ताओं के लिए विद्युत उपलब्धता की स्थिति के संबंध में भी समीक्षा की।

#### सांसद ने व्यापारियों से की भेंट

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प जल्द ही साकार होने वाला है। इस संकल्प में देश के हर नागरिक को सहयोगी और साथी बनना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में कटौती कर देशवासियों को बचत का मीठा उपहार दिया है। सांसद श्री कुलस्ते शुक्रवार को नरसिंहपुर विकासखंड के ग्राम डोकरघाट में दुकानदारों से संवाद किया। इस दौरान गोटेगांव विधायक विधायक महेन्द्र नागेश सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद थे। सांसद श्री कुलस्ते ने डोकरघाट में स्थित दादा दूल्हादेव महाराज मंदिर के पास लगी दुकानों में जाकर जीएसटी बचत के स्टीकर्स दिए। दुकानदारों एवं ग्राहकों से जीएसटी कटौती के संबंध में चर्चा की। जीएसटी की दरों में कटौती होने से सभी के चेहरों पर खुशी नजर आई है। सांसद श्री कुलस्ते ने इस दौरान दुकानदारों को गुलाब का फूल देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने सभी से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील की। सांसद कुलस्ते, विधायक नागेश सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर दूल्हादेव दादा महाराज मंदिर जाकर उनके दर्शन कर पूजा- अर्चना की।

## बरहटा विद्यालय में मैं हु अभिमन्यु अभियान चलाया गया’



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में मध्यप्रदेश पुलिस महिला सुरक्षा शाखा नरसिंहपुर से डीएसपी लोकेश मार्को ने मैं हूं अभिमन्यु अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ अपराधों को रोकना और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना था। इस अभियान के दौरान श्री मार्को द्वारा विद्यार्थियों को नशा न करने और नशा को मिटाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने दहेज प्रथा, रूढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, भ्रूण हत्या, अशिक्षा, एवं लिंगभेद की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन, साइबर सुरक्षा, पुलिस हेल्प लाइन की जानकारी भी दी। उन्होंने साथ ही पुलिस के आधार ढांचा एवं संगठन की जानकारी। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के विभिन्न कोर्सेज की जैसे नीट, जेईई, पीएससी, यूपीएससी, पीएटी की बारीकी से जानकारी दी। इतनी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार हो जाता और तालियों की गड़गड़ाहट से सभा को गुंजायमाकर देते। विद्यार्थियों ने विश्वास दिलाया कि वह सभी अच्छे जिम्मेदार नागरिक बनेंगे और पुलिस की मदद कर मैं हु अभिमन्यु अभियान में सहयोग करेंगे। उन्होंने सभी छात्राओं से जब तक सफल न हो जाए तब तक शादी न करने की सलाह दी और परिश्रम व लग्न से पढ़ने का आशीर्वाद दिया।अंत में विद्यालय के ही शिक्षक तरुवर पटेल ने आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम की व्यवस्था विद्यालय शिक्षक सुनील दीक्षित, शरद गुप्ता, जे पी कोरी, पुष्पेंद्र पूष्म, रोहित पटेल ने उपलब्ध कराई। पूरे कार्यक्रम में सभी शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## वित्तीय संतृप्तिकरण अभियान के तहत मेगा शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गुरूवार को वित्तीय संतृप्तिकरण अभियान के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा का मेगा शिविर आयोजित किया गया। भारत सरकार के निर्देशानुसार एक जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक चल रहे वित्तीय संतृप्तिकरण अभियान में बैंक ऑफ बड़ौदा ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। अंचल प्रमुख शैलेश कुमार पारख ने बताया कि अभियान के दौरान बैंक द्वारा मुख्य कार्यों में प्रधानमंत्री जनधन खाता खोलने, सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं में नामांकन, अटल पेंशन योजना का प्रचार- प्रसार, खातों में री-केवाईसी तथा नामांकन अद्यतन शामिल हैं। अब तक 15 हजार 720 जनधन खाते, 9 हजार 548 जीवन ज्योति बीमा, 16 हजार 692 सुरक्षा बीमा, 2 हजार 445 अटल पेंशन योजना, 21 हजार 919 री-केवाईसी और 225 खातों में नामांकन पूरे किए गए। क्षेत्रीय प्रमुख राजेश तिवारी ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा वित्तीय सशक्तिकरण को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में गुरूवार 25 सितम्बर 2025 को नरसिंहपुर में एक मेगा शिविर आयोजित किया गया। इस मेगा शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया।






गोटेगांव अंतर्गत ग्राम पिपरिया लाठगांव में श्रीराम जानकी मंदिर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा गांव में विराजमान सिंहवाहिनी मैयाजी की अति सुंदर मनमोहक प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र



गोटेगांव अंतर्गत ग्राम सांकल घाट में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजमान 3 स्वरूप में विराजमान माता महाकाली मैया महालक्ष्मी महासरस्वती के दर्शनों के लिए उमड़ रही भीड़



गोटेगांव स्थानीय बड़े पुल के पास स्थित शक्ति स्थल पर नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजमान मातारानी की नौ देवी कन्या स्वरूप प्रतिमाएं श्रद्धालुओं का मन मोह रही, दर्शनार्थ हेतु भक्तों का लग रहा ताता



श्री जय माँ अम्बे गौरी दुर्गा उत्सव समिति नवदुर्गा शक्तिपीठ मंदिर किसानी मोहल्ला गोटेगांव


## 17 सौ फुट ऊंची पहाड़ी पर विराजी जगदंबा


### नाव के सहारे दुर्गम रास्तों से जाकर होते हैं दर्शन





**तेंदूखेड़ा-** शक्ति साधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।माता रानी की भक्ति में समूचा क्षेत्र संलग्न बना हुआ है।समीपी ग्राम उमाहे में स्थित पहाड़ी पर जो की धरातल से लगभग 1700 फुट ऊंची है। पिछले 27 सालों से चली आ रही परम्परा के अनुसार यहां पर दुर्गा प्रतिमा विराजमान की जाती है।इस बार यहां पर दुर्गा प्रतिमा के साथ साथ लक्ष्मी जी सरस्वती जी भी विराजित की गई है। सबसे बड़ा सोचनीय और आश्चर्यजनक विषय तो यह है कि यहां पर अमृत सरोवर तालाब बन जाने से परम्परागत पगडंडी मार्ग बंद हो गया है और तालाब में पर्याप्त पानी होने के कारण लोग इस पहाड़ी पर अब नाव की सहायता से ही पहुंच पाते हैं। चूंकि उमाहा और आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से लोग भी तालाब में डली नाव के माध्यम से ही आना जाना कर रहे हैं। पहाड़ी पर स्थित प्रतिमा जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। दोपहर में महिला श्रद्धालु पहुंचकर देवी जस और रात्रि में पुरुष श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी की आरती में शामिल हो रहें हैं।


## शक्ति की भक्ति में डूबा क्षेत्र











**तेंदूखेड़ा।** डोभी में शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन शुक्रवार को चतुर्थ और पंचमी तिथि पर मां दुर्गा का पूजन किया गया मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप कुष्मांडा एवं पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की विधिवत वैदिक मंत्रोचार के बीच डोभी सहित ग्रामीण इलाकों के पूजा पंडालों व विभिन्न घरों में पूजा हुई। नवरात्र पूजन को लेकर चारों तरफ आस्था का सैलाब देखने को मिल रहा है। माता रानी के भक्तगण मंदिरों सहित पूजा पंडालों में मत्था टेक रहे हैं। किसी ने विधिवत मंदिर में माता रानी की कथा सुनी तो किसी ने मंदिर की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। दुर्गा महोत्सव शुरू होते ही मां भगवती के भक्तगण सभी पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा की पूजा व आरती में भाग लेकर पुण्य लाभ ले रहे है। नव युवक दुर्गा समिति बस स्टैंड नूतन दुर्गा समिति बाजार पुरा नव जागृति समिति जोरो पुरा जय माँ अम्बे समिति बाखर मुहल्ला सत्ती माता समिति शारदा दुर्गा मंडल छत्तरपुर एंव शक्ति दुर्गा मंडल गढ़ापुरा के द्वारा विशेष आकर्षित साजसज्जा की गई है। मां दुर्गा के पांचवंद स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। नवरात्र के पंचमी तिथि को मां स्कंदमाता की पूजा का विधान है। मां स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। दाहिनी ऊपर वाली भुजा से यह भगवान स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं और नीचे वाली भुजा जो ऊपर उठा है उसमें कमल पुष्प है। इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान हैं। ऐसी मान्यता है कि इनकी उपासना से भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। मृत्युलोक में ही उसे परम शांति और सुख का अनुभव होने लगता है ।

### महाकाली के दर्शनों को उमड़ा जनसैलाब



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 05 स्थित पटवारी मुहल्ला के समीप प्रतिष्ठित बागदाने दूर्गोत्सव समीति के द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाकाली की प्रतिमा विराजित की गई है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन लाभ लेने हेतु बड़ी संख्या में पहुंच रहें हैं। यहां पर संगीतमय आरतियों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु झूम झूम कर माता रानी की आरती गाते हुए भक्ति में लीन बनें हुए हैं।

### जनाकर्षण की केंद्र बनीं लीला पेलेस की प्रतिमा



**तेंदूखेड़ा।** समीपी राजमार्ग चौराहे स्थित श्री लीला पेलेस परिसर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी झांकी बनाई गई है। जिसमें विराजित मां भगवती की प्रतिमान जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। हर साल बृहद स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।इस वर्ष भी यहां पर 29 सितंबर को नरेन्द्र राज ग्रुप जबलपुर के द्वारा विशाल देवी जागरण रात्रि 09 बजे से आयोजित किया गया है।



गोटेगांव स्थानीय बड़े पुल के पास स्थित शक्ति स्थल पर नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजमान मातारानी की नौ देवी कन्या स्वरूप प्रतिमाएं श्रद्धालुओं का मन मोह रही, दर्शनार्थ हेतु भक्तों का लग रहा तांता।

## 501 कन्याओं का पूजन, महाआरती,महाप्रसाद वितरण!

### सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति पुराना स्टैंड गोटेगांव द्वारा नवरात्र उत्सव जारी...

**तेंदूखेड़ा।** शारदेय नवरात्र 2025 के अंतर्गत पूरे श्रीधाम क्षेत्र में उत्सव की धूम है। सत्य सनातन धर्म के प्रति युवाओं में बढ़ती लोकप्रियता एवं आस्था के कारण दुर्गा पंडालों में देवी स्वरूपा कन्याओं, नौजवानों वरिष्ठ श्रद्धालुओं एवं मातृशक्ति की भीड़ देखी जा रही है।मां शारदा मंदिर प्रांगण पुराना बसस्टैंड गोटेगांव में कन्या पूजन, संगीतमय महाआरती एवं प्रसाद वितरण का क्रम प्रारंभ है। बताया गया है कि बैठकी दिवस की स्वागत आरती से लेकर दशहरा दिवस की विदाई आरती तक प्रतिदिन आरती यजमान परिवारों द्वारा 108 दीपकों के साथ आरती करते हुए प्रसाद समर्पित किया जाता है, एवं कन्या पूजनकर्ताओं द्वारा उपस्थित कन्याओं को उपहार सामाग्री प्रदाय की जाती है।नवरात्रि के तृतीय एवं चतुर्थ दिवस पर क्रमशः श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर (न.पा. अध्यक्ष), चिरौंजी लाल कहार (अध्यक्ष निषादराज समाज एकता मंच गोटेगांव), श्रीमती बीना कहार (महिला मंडल अध्यक्ष), गोविंद कहार (संस्थापक), संजीव मिश्रा, राजीव मिश्रा द्वारा आरती करते हुए प्रसाद समर्पित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर एवं श्री हनुमान राजपुरोहित द्वारा 401 कन्याओं का पूजन करते हुए उपहार सामग्री भेंट दी गई। सर्वश्री सतीश साहू, नंदन साहू ,संजीव मिश्रा, गोविंद नामदेव, आलोक खरया, देवचंद जैन, अनिरुद्ध पटेल दयाराम कोरी, छोटू प्रजापति, राजेंद्र शर्मा के द्वारा महाप्रसाद वितरण में सहयोग दिया गया। जागृति कमेटी के सर्वश्री मुकेश चौकसे ,राजेंद्र बिलवार,मुकुल राजपूत ,गुड्डा बिलवार, बड्डा साहू ,पप्पू पटेल, पप्पू सेन, छुट्टू सोनी, आनंद राय धंसू पहलवान आदि के द्वारा सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है।

## दस दिवसात्मक होगा इस वर्ष शारदीय नवरात्र

**तेंदूखेड़ा।** भारतीय सनातन हिन्दू परम्परा का मुख्य पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिवर्ष आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से प्रारंभ होता है। इसके पूर्व आश्विन कृष्ण पक्ष पितृ पक्ष के रूप में मनाया जाता है। और आश्विन शुक्ल पक्ष शक्ति पक्ष के रूप में हम भगवती जगदम्बा के विभिन्न स्वरूपों का पूजन करते हैं।पूरा पखवाड़ा शक्ति की आराधना के लिए आरक्षित है। लेकिन नौ दिन शारदीय नवरात्र के रूप में विशिष्ट माने जाते हैं। वर्ष में चार नवरात्रि प्रमुख मानी जाती हैं जिनमें आश्विन शुक्ल पक्ष शारदीय नवरात्र और चैत्र शुक्ल पक्ष वासन्तेय नवरात्र प्रकट नवरात्र के रूप में मनाया जाता है। माघ और आषाढ़ की नवरात्रि गुप्त नवरात्रि होती है।

हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरणाचार्य ज्योतिषाचार्य पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र में एक तिथि की वृद्धि होने से नवरात्रि का पर्व दस दिन का होगा। 22 सितम्बर से प्रारंभ नवरात्रि पर्व में महानिशा पूजा 29सितम्वर सोमवार को, महाष्टमी दुर्गा अष्टमी व्रत मंगलवार 30 सितंबर को, दुर्गा नवमी व्रत 1अक्टूबर बुधवार को होगा।नवरात्रि में भगवती दुर्गा के शैलपुत्री ब्रह्मचारिणी चंद्रघण्टा कूष्माण्डा स्कन्दमाता कात्यायनी कालरात्रि महागौरी और सिद्धिदात्री आदि नौ रुपों का विधिवत पूजन किया जाता है। नवरात्रि का व्रत देवी के विविध उपचारों से पूजन जप पाठ हवन आदि से शक्ति आराधना की जाती है। देवी जी के दिव्य भव्य स्वरूपों को विभिन्न प्रकार की साज-सज्जा से युक्त पण्डालों और मण्डपों में विराजमान कर बड़े हर्षोल्लास के साथ इस पर्व को मनाया जाता है। इस वर्ष दुर्गा के आगमन का वाहन गज है जो अच्छी बर्षा उत्तम कृषि उत्पादन सुख आर्थिक समृद्धि शान्ति और सद्भाव प्रदान करता है।

**2 अक्टूबर को मनेगा विजयादशमी दशहरा**

आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी गुरुवार दिनांक 2 अक्टूबर को दशहरा मनाया जायेगा। यह पर्व विजय यात्रा विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है।इस दिन परम्परागत तरीके से शमी का पूजन अपराजिता पूजन राज चिन्ह पूजन और नीलकंठ दर्शन का विशेष महत्व है।